8. सूत के स्टाक जमा होने के विषय में राहत देने के विचार से हथकरघा कपड़े की बिक्री पर विशिष्ट छूट दी गई है तथा शीर्ष सहकारी समितियों को ऋण दिये गये हैं। दक्षिण भारतीय मिलों के सूत के स्टाक रखे जाने की एक योजना स्वीकृत की गई है।

9. कोरी धोतियों तथा साड़ियों को छोड़कर अन्य नियंत्रित कपड़े के कारखाने से चलते समय के मूल्यों में 2 प्रतिशत वृद्धि की अनुमति भी दी गई है।

### भूमिगत रेलों के लिये सहायता

2860. श्री कंवर लाल गुप्त :
श्री मणिभाई जे० पटेल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में भूमिगत रेलवे के निर्माण के लिये सहायता प्राप्त करने का प्रस्ताव किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में रूस की सरकार के साथ हुई बातचीत का ब्यौरा क्या है;

(ग) भूमिगत रेलवे द्वारा किन-किन स्थानों को मिलाये जाने का प्रस्ताव है ;

(घ) क्या दिल्ली में भी भूमिगत रेलवे बनाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ङ) कलकत्ता, बम्बई, मद्रास और दिल्ली जैसे महानगरों की परिवहन सम्बन्धी समस्याओं की जांच करने के लिए योजना आयोग के तत्वावधान में महानगर परिवहन अध्ययन दल बनाया गया है। यह दल भूगत रेलों आदि से सम्बन्धित प्रस्तावों की जांच कर रहा है। फिर भी योजना आयोग रेलों से जो सहायता चाहेगा, उसे दी जायेगी। यदि विदेशी सहायता प्राप्त करने की आवश्यकता हुई तो प्रस्तावों को अन्तिम रूप देते समय अध्ययन दल निःसन्देह इस प्रश्न पर भी विचार करेगा।

### छोटी कार

2861. श्री कंवर लाल गुप्त :
श्री सीताराम केसरी :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :
श्री को० सूर्यनारायण :
श्री शि० ना० शास्त्री :
श्री न० कु० सांघी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री विक्रम चन्द महाजन :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छोटी कार बनाने सम्बन्धी योजना पर कब से विचार हो रहा है और इस विषय में निर्णय करने में कितना समय लगेगा;

(ख) इस सम्बन्ध में सरकार को कितनी योजनाएं प्राप्त हुईं और जिन योजनाओं को सरकार ने उपयुक्त समझा है उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में निर्णय करना इस कारण संभव नहीं हो सका क्योंकि संबंधित अधिकारियों ने भारत में कार निर्माता पूंजीपतियों के साथ सांठगांठ कर रखी है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस बारे में किसी न्यायिक एजेन्सी से जांच करायेगी ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) देश में छोटी कार बनाने के प्रस्ताव पर सरकार 1959 से लगातार कभी न कभी ध्यान देती रही है।

पिछले वर्ष इस प्रस्ताव पर पुनः विचार किया गया था। जैसा कि लोक सभा में 23 जुलाई, 1968 को तारांकित प्रश्न संख्या 40 के उत्तर में बताया गया था, चौथी पंचवर्षीय योजना में छोटी कार परियोजना के लिए साधन उपलब्ध करने का निश्चय अब योजना आयोग से किया जा रहा है। योजना आयोग का मत प्राप्त हो जाने पर प्रस्ताव के अन्य पहलुओं की जांच की जायगी। अतः

इस अवस्था में यह बता सकना कठिन है कि इस मामले में निर्णय कब किया जायेगा।

(ख) पिछले वर्ष 14 विस्तृत योजनाएं प्राप्त हुई थीं। सरकार ने अभी तक किसी भी योजना विशेष के प्रश्न में कोई निर्णय नहीं किया है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

### COOPERATIVE INDUSTRIAL ESTATES

2862. SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the recommendations of the Estimates Committee to establish industrial estates on co-operative pattern in urban areas have been accepted; and

(b) if so, the steps taken to promote co-operative industrial estates and the progress thereof in the various States separately ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) Yes, Sir.

(b) As promotion and setting up of the industrial estates is the responsibility of the State Governments, the recommendation of the Estimates Committee to establish industrial estates on cooperative pattern has been brought to their notice. The number of cooperative industrial estates set up and under construction in different States is given below :—

| | No. of Estates set up | No. of estates under construction | Total |
|---|---|---|---|
| Andhra Pradesh | 1 | — | 1 |
| Gujarat | 6 | 3 | 9 |
| Goa | — | 1 | 1 |
| Maharashtra | 22 | 36 | 58 |
| Madhya Pradesh | 1 | — | 1 |
| Madras | 3 | 1 | 4 |
| Rajasthan | 1 | — | 1 |
| U. P. | 1 | — | 1 |
| | 35 | 41 | 76 |

### MARKETS FOR CLOSED COLLIERIES

2863. SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI : Will the Minister of STEEL, MINES AND METALS be pleased to state :

(a) whether Government proposed to find markets before the opening of closed collieries wherein huge capital is blocked;

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) the remedial measures proposed to make up the loss suffered due to closure of certain collieries ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF STEEL, MINES AND METALS (SHRI RAM SEWAK) : (a) to (c). The collieries closed so far (except some in the Assam Coalfield which closed down due to alleged very high cost of mining under difficult conditions) have had to close down either on account of exhaustion of reserves or because very poor quality of coal is produced which is not accepted by consumers. It is for collieries themselves to develop a market for their product and no remedial measures are contemplated by Government.

### दिल्ली से लखनऊ के लिये जनता गाड़ी

2864. श्री राम स्वरूप विद्यार्थी : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ और दिल्ली के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों में बहुत भीड़ होती है और बहुत से यात्री गाड़ी पर सवार नहीं हो पाते;

(ख) क्या इस सेक्शन पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार दिल्ली और लखनऊ के बीच एक जनता गाड़ी चलाने का है;

(ग) यदि हां, तो यह नयी गाड़ी कब तक चलाने का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस सेक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिये क्या वैकल्पिक कार्यवाही करने का विचार है ?